शब्दावली

प्रारम्भिक बोली मूल्य

यह वह मूल्य है जिससे बोली शुरू की जाती है। कोई क्रेता इससे कम कीमत की बोली नहीं लगा सकता।

रिजर्व मूल्य

यह विक्रेता द्वारा तय सबसे कम कीमत है, जिस पर वह सामग्री बेचना चाहता है। कोल इंडिया लिमिटेड के लिए रिजर्व मूल्य ही प्रारम्भिक बोली मूल्य है।

बोली में वृद्धि

यह पूर्व निर्धारित एक राशि है जो नई संशोधित बोली लगाते समय पिछली बोली मूल्य में जोड़ी जाती है।

स्वतः विस्तार

नीलामी समाप्त होने के 3 मिनट के अंदर बोली लगाने पर नीलामी समापन के समय में स्वतः 5 मिनट की वृद्धि हो जाती है।

स्वचालित बोली

यह एक ऐसी प्रणाली है जिसमें क्रेता की ओर से बोली में न्यूनतम संभव वृद्धि के साथ स्वतः बोली लगती रहती है।

इसमें क्रेता को अधिकतम कीमत का उल्लेख करना होता है, जिस पर वह खरीदने का इच्छुक है। कम्प्यूटर उसकी जगह कीमत की अधिकतम सीमा तक न्यूनतम संभव वृद्धि के साथ बोली लगाते रहता है।